लिंक रोड पर सड़क खुदाई से बना गड्ढा जनता परेशान

खास बातें

- पाइप लाइन में सुधार के लिए खोदी गई सड़क
- सड़क खुदाई से बीच सड़क पर बना गड्ढा

नवभारत न्यूज

सिरोंज 1 अगस्त, शहर के व्यस्ततम मार्ग लिंक रोड पर खुदाई के बाद सड़क को अधूरा छोड़ दिए जाने से बीच सड़क में गड्ढा बन गया है, जो अब आमजन के लिए बड़ी परेशानी और खतरे का कारण बन गया है. कई दिनों से यह स्थिति बनी हुई है, लेकिन नगरपालिका और प्रशासन द्वारा अब तक सड़क की मरम्मत नहीं की गई हैं.

यह मार्ग शहर को आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य शहरों से जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां दिनभर भारी यातायात बना रहता है. प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहन यहां से गुजरते हैं. जानकारी मिली है कि पाइपलाइन में हुए लीकेज को सुधारने के लिए सड़क पर गड्ढा किया गया था. इसके बाद पाइपलाइन के लीकेज को सुधार भी दिया गया है. लेकिन इसके बाद अभी तक इस गड्ढे में सुधार कर सड़क पर सीसी नहीं किया गया है. इस खुदी हुई सड़क के हिस्से के कारण वाहन चालकों को जोखिम उठाकर निकलना पड़ रहा है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खुदाई के बाद सड़क को नहीं सुधारा गया, जिससे गड्ढा बन गया है. कई बार वाहन चालक गड्ढे से बचने के प्रयास में असंतुलित हो जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. रात्रि के समय यह समस्या ओर भी गंभीर हो जाती है. जिससे अचानक हादसे का खतरा बढ़ जाता है. कई लोग बाल-बाल दुर्घटनाओं से बच चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब भी उदासीन बना हुआ है. लोगों में इस लापरवाही को लेकर नाराजगी है. उनका कहना है कि खुदाई करने के बाद सड़क को सुरक्षित करना चाहिए, जिसे नजरअंदाज किया जा रहा है. नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गड्ढे को भरवाकर सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले ही इस समस्या का समाधान हो सके.

इनका कहना है -

इस संबंध में नगरपालिका के सीएमओ रामप्रकाश साहू का कहना है कि पाइपलाइन का लीकेज सुधारने के लिए सड़क पर गड्ढा कराया गया था. पाइप लाइन के लीकेज में सुधार हो गया है. अब जल्द ही गड्ढे को समतल कर सीसी कराई जावेगी.

लुटेरी दुल्हन गिरोह का फरार आरोपी गिरफ्तार आरोपी करीब एक वर्ष से था फरार

- पूर्व में दुल्हन सहित चार आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सिरोंज, थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने लुटेरी दुल्हन प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है. प्रकरण में दुल्हन एवं उसके तीन सहयोगियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है.

विगत दिनों ग्राम साँकला निवासी फरियादिया द्वारा थाना दीपनाखेड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसके भाई की शादी एक महिला से एक लाख रुपये लेकर कराई गई थी, लेकिन विवाह की पहली ही रात दुल्हन फरार हो गई. शिकायत के आधार पर थाना दीपनाखेड़ा में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डाबर के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की तलाश लगातार जारी रही. पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से पूर्व में दुल्हन सहित उसके तीन सहयोगियों को भोपाल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था. विवेचना के दौरान छलपूर्वक शादी कराने वाला आरोपी मोहन सिंह पाल निवासी ग्राम साँकला, तहसील सिरोंज लगभग एक वर्ष से फरार चल रहा था. पुलिस टीम ने सतत प्रयास करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पवार, उपनिरीक्षक लालबहादुर सिंह एवं आरक्षक अमित खैवरिया की सराहनीय भूमिका रही.

संभाग स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता में अनुज का चयन

नवभारत न्यूज

सिरोंज, प्रज्ञा कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 8 वीं के छात्र अनुज बघेल ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है. जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन गंजबासोदा में किया गया था, जिसमें विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया. इस प्रतियोगिता में अनुज बघेल ने बालक वर्ग में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए चयन सूची में स्थान बनाया. अब वे संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे. अनुज की इस सफलता में खेल शिक्षक अनिकेत कुशवाह का विशेष मार्गदर्शन रहा है. विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं समस्त स्टाफ ने अनुज को इस उपलब्धि पर बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं.

हनुमान मंदिर में आग लगाने का प्रयास, मूर्ति के पास जलाई पन्नी, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत न्यूज

कुरवाई. थाना कुरवाई क्षेत्र के ग्राम झगरिया स्थित प्राचीन कुण्ड के पास बने हनुमान मंदिर में बीती रात अज्ञात शरारती तत्व द्वारा आग लगाने और मूर्ति के आसपास नुकसान पहुंचाने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है. घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया. पुलिस ने ग्रामीणों की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है.जानकारी के अनुसार खेतों के बीच स्थित यह धार्मिक स्थल मारकण्डेय ऋषि के समय से आस्था का केंद्र माना जाता है. यहां स्थापित हनुमानजी की मूर्ति वाले मंदिर का निर्माण पिछले वर्षों में ग्रामीणों के सहयोग से कराया गया था. मंदिर में पुजारी मुकेश महाराज रूसिया नियमित रूप से पूजा-अर्चना कराते हैं.

शनिवार सुबह जब श्रद्धालु पूजा के लिए मंदिर पहुंचे. तब उन्हें घटना की जानकारी हुई. सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मंदिर पहुंच गए. इसके बाद पुजारी द्वारा हनुमानजी को चोला चढ़ाने की प्रक्रिया संपन्न कराई गई तथा मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया.ग्रामीणों के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने मंदिर में प्रवेश कर बरसाती के लिए लगाई गई प्लास्टिक की पन्नी को हनुमानजी की मूर्ति के पास जलाया. घटनास्थल पर कंडे भी मिले हैं. हालांकि मूर्ति को कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचा. लेकिन धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने के प्रयास से ग्रामीणों में नाराजगी है.घटना की सूचना पर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रोशनी सिंह मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है.पुलिस के अनुसार घटना के बाद मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होने से डॉग स्क्वॉड से विशेष सुराग मिलने की संभावना कम है. वहीं मंदिर के आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा है और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं मिले. पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ जांच कर रही है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है.

तौल कांटे पर किसान से अधिक वसूली का आरोप

- मंडी सचिव ने जारी किया नोटिस

नवभारत न्यूज

सिरोंज, कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को एक बी.ओ.टी. तौल कांटा पर किसान से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलने की किसान शिकायत के बाद मंडी सचिव ने तौल कांटा संचालक को नोटिस जारी कर तीन दिवस में लिखित स्पष्टीकरण मांगा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषक प्रमोद रघुवंशी ने शिकायत दर्ज कराई कि मंडी समिति सिरोंज के नीलाम प्रांगण बेगमबाग स्थित बी.ओ.टी. तौल कांटे पर किसानों से निर्धारित दर 25 रुपये के स्थान पर अधिक राशि वसूली जा रही है. जबकि मंडी द्वारा कृषकों, व्यापारियों एवं अन्य वाहनों के लिए तौल शुल्क पूर्व निर्धारित है, जिसमें किसान की ट्रॉली के लिए 25 रुपये तय किए गए हैं. शिकायत के बाद मंडी कार्यालय के निरीक्षण दल ने मौके पर पहुंचकर जांच की और पंचनामा तैयार किया. जांच के दौरान तौल कांटे पर मौजूद कर्मचारी द्वारा निर्धारित दर से 5 रुपये अधिक राशि वसूलने की जानकारी मिली. कृषक प्रमोद रघुवंशी ने बताया कि वह अपनी उपज समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी केंद्र पर विक्रय हेतु लेकर आया था और वजन की पुष्टि के लिए तौल कराई गई थी. मंडी सचिव द्वारा जारी नोटिस में निर्देश दिए गए हैं कि तौल केवल अनुबंध पर्ची की जांच के बाद ही की जाए तथा तौल पर्ची पर अनुबंध पर्ची के अंतिम तीन अंक अंकित किए जाएं. साथ ही स्पष्ट किया गया है कि किसानों से निर्धारित राशि से अधिक राशि किसी भी स्थिति में न ली जाए. मंडी सचिव ने तौल कांटा संचालक को तीन दिवस के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं.

दो प्रत्याशियों की नाम वापसी से सर्राफा संघ की कार्यकारिणी निर्विरोध

- बिना मुकाबले चुनी गई सर्राफा संघ की 11 सदस्यीय टीम
- नाम वापसी ने बदली तस्वीर, सभी प्रत्याशी निर्वाचित

नवभारत न्यूज

सिरोंज। श्री सर्राफा व्यापार संघ सिरोंज की 11 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए. नाम वापसी की प्रक्रिया के दौरान दो प्रत्याशियों द्वारा अपने नामांकन वापस लेने के बाद 11 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया.

निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता रीतेश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन पत्रों की जांच के पश्चात कुल 13 प्रत्याशियों के नाम वैध पाए गए थे. इसके बाद नाम वापसी की प्रक्रिया के दौरान विष्णु गर्ग एवं मुकेश सिंहल ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए. जिससे शेष बचे 11 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए. निर्वाचित कार्यकारिणी में आलोक जैन, प्रभात सोनी, रामप्रकाश गर्ग, नितिन गर्ग, श्यामसुंदर गर्ग, कैलाश सोनी, अशोक सोनी, सुजीत पालीवाल, राजेंद्र मंगल, अंकित सिंहल एवं सुनील सिंहल शामिल हैं. निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कार्यकारिणी के गठन के उपरांत आगामी दिनों में निर्वाचित सदस्य संगठन के पदाधिकारियों का चयन करेंगे.

त्र्यंबकेश्वर धाम में 51 दंपतियों द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण

- पंचदिवसीय शिवार्चन महायज्ञ में गंजबासौदा के श्रद्धालु कर रहे शिव आराधना

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. श्रावण मास के शुभारंभ पर महाराष्ट्र स्थित पवित्र त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग धाम में गंजबासौदा से पहुंचे 51 दंपतियों द्वारा पंचदिवसीय शिवार्चन सेवा समिति के तत्वावधान में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं विशेष शिव आराधना की जा रही है. धार्मिक आयोजन पंडित प्रेमानंद शास्त्री के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है.

समिति के पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से हुआ. यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया, जबकि श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भगवान शिव की भक्ति में लीन रहे. आयोजन के मुख्य यजमान पूर्व शिक्षक देवी सिंह रघुवंशी हैं.कथावाचन के दौरान पंडित प्रेमानंद शास्त्री ने त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग की महिमा बताते हुए कहा कि ब्रह्मगिरि पर्वत पर महर्षि गौतम और उनकी पत्नी अहिल्या निवास करते थे. अन्य ऋषियों की ईर्ष्या के कारण एक मायावी गाय की मृत्यु का दोष महर्षि गौतम पर लगा. इस पाप से मुक्ति के लिए उन्होंने भगवान शिव की कठोर तपस्या की. शिवजी की कृपा से मां गंगा प्रकट हुईं और भगवान शिव स्वयं त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के रूप में वहां विराजमान हुए. मां गंगा वहीं से गोदावरी नदी के रूप में प्रवाहित हुईं.उन्होंने बताया कि त्र्यंबकेश्वर के मुख्य शिवलिंग में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों के प्रतीक स्वरूप तीन लघु लिंग विराजमान हैं.धार्मिक आयोजन में लाल साहब, पर्वत सिंह, निर्भय सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, गोविंद सिंह, भंवरजी, वीर सिंह, रामरतन सिंह, भारत सिंह, भगवान सिंह, कमर सिंह, बबलू, पप्पू सिंह, छतर सिंह, तखत सिंह और देवेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं शिव पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित किया.

आचार्य विद्या वैली में डेंटल चेकअप शिविर, 200 बच्चों का हुआ निशुल्क परीक्षण

- जैन मिलन शाखा के सहयोग से आयोजित शिविर में बच्चों को दंत स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

नवभारत न्यूज

विदिशा. आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल एवं भारतीय जैन मिलन शाखा के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय परिसर में निशुल्क डेंटल चेकअप शिविर आयोजित किया गया. शिविर में मॉडर्न डेंटल क्लीनिक की डॉ. अंजली वर्मा ने नर्सरी, प्ले ग्रुप, एलकेजी एवं यूकेजी सहित लगभग 200 बच्चों के दांतों का स्वास्थ्य परीक्षण किया.

डॉ. अंजली वर्मा ने बच्चों का निशुल्क परीक्षण करने के साथ उन्हें उपहार भी प्रदान किए. उन्होंने बच्चों को दांतों को स्वस्थ एवं मजबूत बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिन में दो बार ब्रश करने, संतुलित भोजन करने, अधिक मीठे खाद्य पदार्थों से बचने तथा समय-समय पर दंत चिकित्सक से जांच कराने की सलाह दी. साथ ही दंत स्वच्छता से जुड़ी आवश्यक सावधानियों की भी जानकारी दी.कार्यक्रम में भारतीय जैन मिलन शाखा के क्षेत्रीय कार्याध्यक्ष सतीश जैन ने अपने उद्बोधन में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनीता प्रणय जैन ने किया.

इस अवसर पर जैन मिलन शाखा के वीर एवं वीरांगनाओं के साथ विद्यालय के डायरेक्टर प्रणय जैन, अशोक जैन, पंकज जैन, सतेंद्र सिंह, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना, बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि आचार्य विद्या वैली स्कूल में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, व्यक्तित्व विकास एवं सर्वांगीण उन्नयन के उद्देश्य से प्रतिवर्ष स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जागरूकता एवं परीक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं.

किसान कांग्रेस शहर अध्यक्ष को पार्टी से निकाला

नवभारत न्यूज

सिरोंज, जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किसान कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अंकित भार्गव को कांग्रेस के पद से मुक्त किया गया है एवं 6 वर्ष के लिये कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता समाप्त की गई है. जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी महासचिव गोविंद भार्गव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सिरोंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा भेजे गये प्रस्ताव एवं मीडिया की खबरों से ज्ञात हुआ कि किसान कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अंकित भार्गव अनैतिक कार्य में लिप्त पाये गये. जिसके बाद उन्होंने अंकित भार्गव को कांग्रेस के पद से मुक्त किया है एवं 6 वर्ष के लिये कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता समाप्त की गई है. उल्लेखनीय है कि पुलिस ने बीते दिनों एक मकान में से 55 पेटी अवैध शराब जप्त की थी. मामले में पुलिस ने अंकित भार्गव को भी आरोपी बनाया है. जिसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा यह कार्यवाही की गई.

विद्यार्थियों को सिखाया कचरा प्रबंधन, डस्टबिन के रंगों का महत्व और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. कौटिल्य गुरुकुलम परिसर में विद्यार्थियों को स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया. अभियान का उद्देश्य बच्चों को कचरे के वैज्ञानिक निपटान और स्वच्छ वातावरण के महत्व से अवगत कराना था.

अभियान का संचालन फीडबैक फाउंडेशन चैरिटी ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य शिवम मिश्रा ने किया. उन्होंने विद्यार्थियों को सरल एवं रोचक तरीके से स्वच्छता का महत्व समझाते हुए डस्टबिन के विभिन्न रंगों के उपयोग की जानकारी दी.उन्होंने बताया कि हरे रंग के डस्टबिन में गीला कचरा जैसे भोजन के अवशेष एवं फल-सब्जियों के छिलके, नीले डस्टबिन में सूखा कचरा जैसे कागज, गत्ता और प्लास्टिक, पीले डस्टबिन में मेडिकल एवं सैनिटेशन से संबंधित कचरा तथा काले डस्टबिन में इलेक्ट्रॉनिक कचरा जैसे खराब बैटरी, वायर और अन्य ई-वेस्ट डालना चाहिए.कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की प्रेरणा दी गई. शिवम मिश्रा ने बताया कि कचरा इधर-उधर फेंकने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और अनेक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है.इस अवसर पर कौटिल्य गुरुकुलम के डायरेक्टर कोमल सिंह यादव एवं प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने विद्यार्थियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और व्यक्तिगत सुरक्षा का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि स्वच्छता को केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए.कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

मनाई शहीद ऊधम सिंह की पुण्यतिथि, मुंशी प्रेमचंद और मोहम्मद रफी की जयंती

नवभारत न्यूज

विदिशा. शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में शहीद ऊधम सिंह की पुण्यतिथि तथा साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद एवं महान गायक मोहम्मद रफी की जयंती पर श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी आयोजित की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ तीनों विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ.संयोजक दीपक तिवारी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले सहित कैलाश नामदेव, गोपाल सिंह ठाकुर, गोपाल प्रसाद शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सतीश शिल्पकार और अन्य वक्ताओं ने तीनों महान विभूतियों के व्यक्तित्व एवं योगदान पर प्रकाश डाला. अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम के समापन पर सभी ने दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की.

मौन सूचना

विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.

ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO

विकास पचौरी रेडियो 84 35 250 250

और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

आयोजन | 27 दिवसीय शिव महोत्सव के तीसरे दिन नन्दी की अनन्य भक्ति का हुआ भावपूर्ण वर्णन, पार्थिव शिवलिंग निर्माण में उमड़े श्रद्धालु

नंदी की तपस्या से प्रसन्न हुए महादेव, दिया अमरत्व और गणाध्यक्ष होने का वरदान

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. श्रावण मास के पावन अवसर पर श्री राम-जानकी मंदिर, राजेंद्रनगर स्थित खेड़ापति गौशाला में आयोजित 27 दिवसीय असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव के 84 अवतार चरित्र वर्णन महोत्सव के तीसरे दिन पूरा परिसर शिवमय वातावरण से सराबोर रहा. श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से पूजन एवं रुद्राभिषेक किया.

शिव कथा वाचक पंडित धर्मेंद्र भार्गव ने भगवान शिव के परम भक्त नन्दी के जन्म, तपस्या और शिव कृपा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची भक्ति, तप और पूर्ण समर्पण से भगवान शिव की कृपा अवश्य प्राप्त होती है. उन्होंने कहा कि नन्दी केवल भगवान शिव के वाहन नहीं, बल्कि अटूट श्रद्धा, निष्ठा और गुरु-भक्ति के प्रतीक हैं.

कथावाचन के दौरान पंडित भार्गव ने बताया कि संतान प्राप्ति की कामना से महर्षि शिलाद ने वर्षों तक कठोर तपस्या की थी. उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने अपने अंश से उन्हें दिव्य पुत्र नन्दी का वरदान दिया. बाल्यकाल में मित्र एवं वरुण ऋषियों ने नन्दी की अल्पायु का संकेत दिया, लेकिन नन्दी ने भयभीत होने के बजाय भगवान शिव की कठोर आराधना और तपस्या का मार्ग अपनाया.उन्होंने बताया कि नन्दी की अनन्य भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव माता पार्वती के साथ प्रकट हुए और उन्हें अमरत्व का वरदान देते हुए गणाध्यक्ष का पद प्रदान किया तथा अपना प्रथम गण और वाहन घोषित किया. पंडित भार्गव ने कहा कि भगवान शिव अपने सच्चे भक्तों की परीक्षा अवश्य लेते हैं, लेकिन उनकी निष्ठा कभी व्यर्थ नहीं जाती. दृढ़ संकल्प, सेवा और समर्पण से जीवन की बड़ी से बड़ी बाधाएं भी दूर हो जाती हैं.

कथा से पूर्व श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया. इसके बाद रुद्राभिषेक, अभिषेक पूजन, बिल्वपत्र, धतूरा, पुष्प एवं जल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ की आराधना की गई. महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया. पूरे परिसर में हर-हर महादेव, बोल बम और ? नमः शिवाय के जयघोष गूंजते रहे.आयोजक एवं श्री राम-जानकी मंदिर, खेड़ापति के महंत गौसेवी संत वृंदावन दास जी ने बताया कि श्रावण मास भर प्रतिदिन प्रातः पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक तथा सायंकाल भगवान शिव के 84 अवतारों की कथा का आयोजन निरंतर किया जाएगा. उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शिव आराधना एवं कथा श्रवण का पुण्य लाभ लेने की अपील की.

स्कूली बच्चों के लिए वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

- 10 विद्यार्थियों के खुले बचत खाते

नवभारत न्यूज

पठारी. इंडियन बैंक की पठारी शाखा द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला बड़ोह में वित्तीय साक्षरता एवं बचत खाता खोलने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बैंकिंग सेवाओं, बचत की आदत और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया.

शिविर में बैंक के सहायक प्रबंधक मनोहर कुर्मी ने प्राचार्य प्रीतम सिंह यादव की उपस्थिति में विद्यार्थियों को साइबर ठगी से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए. उन्होंने कहा कि यदि किसी के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी होती है तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं और संबंधित बैंक को सूचना देकर खाता ब्लॉक कराएं.उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, पिन, पासवर्ड या बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें. किसी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर भरोसा न करें और ऐसे लिंक पर क्लिक करने से बचें.इस दौरान विद्यार्थियों को बैंक में होने वाले विभिन्न कार्यों और बैंकिंग प्रणाली की भी जानकारी दी गई. बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर बैंक अधिकारियों ने विस्तार से दिए.

शिविर में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा बैंक द्वारा बताए गए साइबर सुरक्षा संबंधी उपायों को समझा.शिविर के दौरान 10 विद्यार्थियों के बचत खाते भी खोले गए. अंत में प्राचार्य प्रीतम सिंह यादव ने विद्यार्थियों को उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए इंडियन बैंक का आभार व्यक्त किया.